तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 सितंबर 2026

11 सुहागिनों ने रखा हरतालिका तीज का ...



12 अंचल में विराजमान हुए विघ्नहर्ता





## खबर संक्षेप



### निकलीं धान की बालियां लहलहाने लगी फसल

**पलारी।** पलारी अंचल में हरहुना किस्म की धान महामाया, एक हज़ार दस आदि हरहुना किस्म की धान की बालियां निकल आई है जिससे खेतों के फसल लहलहा रहे हैं तथा खूबसूरती की छटा बिखर गई है। `आरंभ में धान की बालियो में दुध भरने की प्रक्रिया रहती है इसी वक्त किट प्रकोप का भी खतरा बढ़ जाता है, इसके लिए किसान सतर्क भी है।

### शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार शहर में गणेशोत्सव एवं नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए वाहनों की आवाजाही होने तथा जन सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टिकोण से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुलदीप शर्मा ने शहर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित किया है। यह आदेश मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं सहपठित छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है।आदेश के अनुसार बलौदाबाजार शहर के अन्दर आने-जाने वाली सड़क पर भारी वाहन, ट्रक, ट्रेलर का प्रवेश 14 सितम्बर से 21 अक्टूबर 2026 तक प्रातः 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित रहेगा।

### भालू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**महासमुंद।** वन मंडल परिक्षेत्र महासमुंद के झलप के नजदीकी ग्राम कछारडीह में रविवार को एक अधेड़ भालू के हमले से घायल हो गया। घटना तब हुई जब कछारडीह निवासी दर्शन यादव (55) घर से 500 मीटर दूर जंगल की तरफ शौच के लिए गया हुआ था। इसी दौरान जंगली भालू ने हमला कर दिया जिससे उसके सिर, मुंह, नाक, कान को बुरी तरह से नोंचे जाने से काफी चोटें आई है। ग्रामीणजन घायल अधेड़ का चेहरा तक नही पहचान पा रहे थे। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया।

### 20 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम ठाकुरदिया खुर्द में एक व्यक्ति की बाड़ी से से पिथौरा पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने सचना मिलने पर आरोपी हीरालाल सिन्हा के घर के पीछे बाड़ी ग्राम ठाकुरदियाखुर्द पहुंचकर छापा मारा। जहां से कुल 20 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद कर आरोपी हीरालाल सिन्हा पिता गाड़ाराय सिन्हा (46 साल) ठाकुरदियाखुर्द थाना पिथौरा के कब्जे से धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बाइक को टक्कर मारकर कार में सवार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बाइक को टक्कर मारकर मारपीट करने वाले कार सवारों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड 7 ताज नगर झिलमिला के मोहम्मद अरशद ने बताया कि 12 सितंबर की रात करीबन 12 बजे वह अपनी दुकान से काम करने के बाद अपनी बाइक क्र. सीजी 06 जीपी 3014 से घर झिलमिला जा रहा था। कुटेला ओवर ब्रिज के पास करीबन 12.10 बजे पीछे से आ रही बलेरो कार क्रमांक सीजी 06 एचसी 3100 के चालक ने शराब के नशे में अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसकी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# तीज पर मंदिरों में गूंजे शिव-पार्वती के जयकारे, सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

## महिलाओं ने फुलेरा सजाकर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

हरतालिका तीज के अवसर पर सोमवार को शहर में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाओं ने पूजा स्थल पर आकर्षक फुलेरा सजाकर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित की। इसके बाद पूजन सामग्री के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर तीज की कथा सुनी। शहर के शनि मंदिर, सृष्टि मंदिर, शिव मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य मंदिरों में महिलाओं की भीड़ रही। शाम के समय मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। हरतालिका तीज पर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से सोलह श्रृंगार कर व्रत रखा। कई स्थानों पर महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दीं और पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया। रात के समय विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। देर रात तक मंदिर परिसर में धार्मिक गीतों और भजनों की गूंज सुनाई देती रही।



### सिविल लाइन गार्डन चौक में हुआ सामूहिक पूजन

इसी क्रम में सिविल लाइन गार्डन चौक में वीनम श्रीवास्तव के निवास स्थान पर महिलाओं ने फुलेरा सजाकर भगवान शिव और माता पार्वती की सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर श्रद्धा पूर्वक तीजा पर्व मनाया गया। पंडित चंद्रशेखर पांडे द्वारा कथा वाचन कर तीजा पर्व एवं उपवास की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। उक्त पूजा में वीनम श्रीवास्तव, प्रेमलता श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, मंजू अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, सुहानी केसरवानी, पूजा केसरवानी, शिखा ठाकुर, साधना, कंचन, मीरा, चंद्रकला, सीता केसरवानी, रेखा सोनी, सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से तीज पर्व की परंपराओं का पालन करते हुए परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। पूरे शहर में दिनभर हरतालिका तीज को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।



## सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल, आसपास के दुकानदारों का व्यापार भी हो रहा प्रभावित

# सब्जी बाजार में गंदगी का अंबार कॉम्प्लेक्स के पास पसरा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के प्रमुख बाजार मंडी रोड स्थित नवनिर्मित कॉम्प्लेक्स के आसपास पसरी गंदगी ने नगरपालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां सड़क किनारे कचरा और गंदगी का अंबार लगा होने से बाजार क्षेत्र में आने वाले नागरिकों, व्यापारियों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी रोड शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में शामिल है। प्रतिदिन नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग यहां सब्जी एवं अन्य सामग्री खरीदने पहुंचते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होने से स्थिति लगातार बदहाल होती जा रही है। गंदगी के कारण लोगों को आवागमन में भी परेशानी हो रही है। वहीं, आसपास के दुकानदारों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार जैसे सार्वजनिक और व्यस्त स्थल पर सफाई व्यवस्था की स्थिति को लेकर नागरिक नगरपालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के दावे किए जाते हैं, लेकिन प्रमुख बाजार क्षेत्र में ही नियमित सफाई व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

**दुर्गंध से राहगीर परेशान**



### तत्काल सफाई की मांग

नगरवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मंडी रोड स्थित कॉम्प्लेक्स के आसपास तत्काल सफाई अभियान चलाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि समय पर कचरा उठाव और सफाई नहीं होने से स्थिति और खराब हो सकती है।

## स्वच्छता नियमों का उल्लंघन

# स्वच्छता को ठेंगा, दो कपड़ा प्रतिष्ठानों के नाम सार्वजनिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहरवासियों एवं व्यापारी बंधुओं को दुकान एवं प्रतिष्ठानों का कचरा सड़कों या खुले में न फेंककर नियत स्थान पर डालने की लगातार समझाइश दी जा रही है। इसके बावजूद, नगर के मुख्य मार्ग स्थित निम्नलिखित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा बार-बार मना किए जाने के उपरांत भी मुख्य सड़क पर खुले में कचरा फेंका जा रहा है। मोहनलाल गदवानी क्लाथ एवं रेडीमेड, बालचंद बतरा कपड़ा, उक्त दोनों प्रतिष्ठानों को नगर पालिका की स्वच्छता टीम द्वारा बार-बार मौखिक रूप से समझाया गया, तत्पश्चात नोटिस जारी किए गए एवं नियमानुसार अर्थदंड (फाइन) भी लगाया गया। इसके बावजूद इनके आचरण में कोई सुधार नहीं आया है और इनके द्वारा लगातार सार्वजनिक स्थल पर ▶▶ शेष पेज 11 पर

# 112 सेवा शहरी क्षेत्र में 10 और ग्रामीण में 20 मिनट में मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



आपातकालीन सेवा डायल 112 की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए सोमवार को पुलिस कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खमन सिन्हा ने की। इसमें डायल 112 में तैनात आरक्षक एवं वाहन चालक शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने आपातकालीन कॉल पर त्वरित प्रतिक्रिया और मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि घटना की सूचना मिलते ही शहरी क्षेत्र में अधिकतम 10 मिनट तथा ग्रामीण क्षेत्र में 20 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचने का प्रयास सुनिश्चित करें। इवेंट प्राप्त होते ही कॉलर से संपर्क कर घटनास्थल की सटीक जानकारी लेने के भी निर्देश दिए गए, ताकि सहायता पहुंचने में अनावश्यक विलंब न हो।

■ डायल 112 की समीक्षा बैठक

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिन्हा ने डायल 112 कर्मियों को 11 बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए। इनमें इवेंट का निर्धारित रजिस्टर में इंद्राज, वाहन में तकनीकी खराबी की तत्काल सूचना, ईआरवी व हाईवे गश्त में उपयोग होने वाले टैबलेट और स्मार्ट मोबाइल को सक्रिय रखना तथा घटनास्थल की फोटो-वीडियोग्राफी कर संबंधित ग्रुप में साझा करना शामिल है। इसके अलावा ड्यूटी शुरू करने से पहले वाहन में उपलब्ध उपकरणों ▶▶ शेष पेज 11 पर

# चैंबर ऑफ कॉमर्स करेगा चिल्लर का वितरण

**बलौदाबाजार।** शहर में व्यापारियों को चिल्लर की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से चिल्लर वितरण किया जाएगा। चैंबर से जुड़े व्यापारी 15 सितंबर को निर्धारित स्थानों से चिल्लर प्राप्त कर सकेंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार मंगलवार 15 सितंबर को शाम 5 बजे से 7 बजे तक चिल्लर का वितरण किया जाएगा। इसके तहत चैंबर के सदस्य व्यापारी 2500 रुपए देकर 2500 रुपए मूल्य की प्रति संस्थान चिल्लर प्राप्त कर सकेंगे। चैंबर के सदस्यों से निर्धारित समय पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की गई है।चैंबर के सचिव शिवप्रकाश तिवारी ने बताया की चिल्लर वितरण के लिए अंबू पंजवानी की दुकान, कल्लू ताला-चाबी दुकान के बाजू में व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सब्जी मंडी बाईपास स्थित कालू सब्जी भंडार के पास से भी व्यापारी चिल्लर प्राप्त कर सकेंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने व्यापारियों से निर्धारित समय का ध्यान रखते हुए दोनों केंद्रों में से सुविधानुसार किसी एक स्थान पर पहुंचने की अपील की है। संगठन का कहना है कि बाजार में छोटे मूल्य के नोट और सिक्कों की उपलब्धता से व्यापारियों तथा ग्राहकों को लेन-देन में सुविधा मिलेगी।

# सेजेस भटगांव की प्राची और मुस्कान का राज्य स्तरीय हैंडबॉल स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव



सेजेस भटगांव की कक्षा 9वीं की छात्राओं प्राची साहू एवं मुस्कान मिर्जा का चयन राज्य स्तरीय अंडर-17 हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों छात्राएं 17 से 20 सितम्बर तक जगदलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। राज्य स्तर पर चयनित होने पर विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दोनों छात्राओं ने नियमित अभ्यास और बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन को विद्यालय की खेल गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

छात्राओं को हैंडबॉल का प्रशिक्षण कोच बाबा खान एवं टेक्निकल कोच तथा शिक्षक लक्ष्मीकांत सोनी द्वारा दिया जा रहा है। दोनों प्रशिक्षक खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देने के साथ खेल की तकनीक, फिटनेस और टीम समन्वय पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। प्रशिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन से भटगांव के खिलाड़ियों को लगातार आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। प्राची साहू और मुस्कान मिर्जा के राज्य स्तरीय चयन से सेजेस भटगांव का नाम खेल क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं क्षेत्रवासियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जगदलपुर में होने वाली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

## 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

# एक महीने तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान : अमित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले विशेष सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में प्रदेश मंत्री अमित साहू, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, भाजपा नेता राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा कि इस बार 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी संवैधानिक प्रमुख के रूप में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के तौर पर जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। इसलिए इस बार सेवा पखवाड़ा नहीं, बल्कि एक महीने का सेवा संकल्प अभियान मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की सेवा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत करना है। 25 करोड़ गरीब परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर लाना, 80 करोड़ लोगों को राशन, 12 करोड़ शौचालय, 4 करोड़ आवास, 200 करोड़ कोविड टीके और 100 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना उनके सुशासन का परिणाम है।

### अभियान के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सोच को बदला है। पहले सीमाओं के गांवों को अंतिम गांव कहा जाता था, मोदी ने उन्हें पहला गांव कहा। आतंकवाद और नक्सलवाद के भय को समाप्त कर 200 से अधिक जिलों को नक्सल मुक्त कर मुख्यधारा में लाया। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और महाकाल कॉरिडोर से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नई ऊर्जा मिली। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि वूमेन डेवलपमेंट से आगे बढ़कर वूमेन लेड डेवलपमेंट की बात मोदी जी ने की। बेटी बचाओ और नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक महिलाओं को अधिकार दिया गया। युवाओं को निराशा से निकालकर स्टार्टअप के माध्यम से भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप नेशन बनाया। शिवरतन शर्मा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर को रक्तदान शिविर से शुभारंभ होगा और शाम 7 बजे /"आशीर्वाद का दिया/" कार्यक्रम में हर परिवार प्रधानमंत्री मोदी को आशीर्वाद स्वरूप दीप जलाएगा। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान, /"मेरे सपनों का भारत पर चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, नमो सेवाः अनकही कहानियां, आंगन मिलन सेवा जैसे कार्यक्रम होंगे। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा के साथ 1000 स्थानों पर विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा वडनगर से बनारस और बनारस से वडनगर तक 10 टोलियों में सेवा यात्रा निकलेगी, जो 20 दिनों में 10 राज्यों से गुजरेगी। प्रत्येक टोली में 50 युवा रहेंगे जो गांवों में चौपाल, आंगनवाड़ी और किसान संवाद करेंगे।

# कुम्हारी में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**गिधौरी।** ग्राम कुम्हारी में सोमवार को एक दुखद घटना सामने आई, जहां करीब 30 वर्षीय युवक प्रदीप प्रधान, पिता फेकूलाल प्रधान का शव उसके घर में मिला। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। सुबह चाय पीने के बाद सो गया था युवक परिजनों से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्रदीप प्रधान सुबह उठने के बाद चाय पीया और इसके बाद घर में सो गया। कुछ समय बाद जब परिजनों ने उसे देखा तो वह कमरे में फांसी के फंदे झूल रहा था और युवक की मौत हो गया था। कारण अज्ञात है तथा जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि युवक का शव घर के पंखे के पास फंदे की स्थिति में मिला। परिजनों और ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर गहरा दुख है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना की सूचना गिधौरी पुलिस को दिया गया और गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को शव को फांसी के फंदे से उतारकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जाएगी। पुलिस जांच के बाद ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की पुष्टि हो पाएगी। घटना के बाद ग्राम कुम्हारी में शोक का माहौल है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# दलदल सिवनी में 2 एकड़ में तैयार हो रही तिमंजिला 500 सीटर हाईटेक लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में एसएलआरएम सेंटर के पास 2 एकड़ क्षेत्र में नालंदा पार्ट-3 हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी ने कालम लेवल तक का काम पूरा कर लिया है। इस माह के अंत तक स्लैब ढालने की तैयारी है। अनुबंधित एजेंसी को वर्षा ऋतु सहित 18 माह समय अवधि में तिमंजिला लाइब्रेरी का निर्माण करने की समयसीमा दी गई है।

शहर के आउटर जोन की यह पहली हाईटेक लाइब्रेरी 500 सीटर क्षमता की होगी। इसका निर्माण मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के अंतर्गत 11 करोड़ 40 लाख की लागत से कराया जा रहा है। तीन मंजिला लाइब्रेरी में हाईस्पीड वाईफाई, डिजिटल ई-लाइब्रेरी, वातानुकूलित एसी कक्ष, स्टूडेंट के रिफ्रेशमेंट के लिए कैफिटेरिया की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा रीडिंग जोन और कम्प्यूटर लैब और युवाओं के लिए ग्रुप डिस्कशन रूम भी होंगे।

जीई रोड स्थित एनआईटी के पास युवाओं के लिए सर्व सुविधायुक्त नालंदा लाइब्रेरी परिसर निर्माण के बाद अब शहर के आउटर इलाके में नालंदा पार्ट-3 का निर्माण नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। इस लाइब्रेरी के निर्माण से दलदल सिवनी, मोवा, सड्डू, कचना, आमासिवनी सहित आसपास की कालोनियों में रहने वाले छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल स्टडी जोन की सुविधा मिल सकेगी। जहां शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे।

- आउटर इलाके के छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल स्टडी जोन
- नालंदा पार्ट-3, 11 करोड़ 40 लाख रुपए लागत
- कालम बनकर तैयार, माहांत तक स्लैब ढालने की तैयारी




### मिलेंगी ये सुविधाएं

एक साल की समय अवधि में अनुबंधित एजेंसी द्वारा नालंदा पार्ट-3 लाइब्रेरी का निर्माण पूरा होगा। इस परिसर में आधुनिक लाइब्रेरी की तरह हाईस्पीड वाई-फाई, डिजिटल ई-लाइब्रेरी के अलावा अलग से रीडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। वातानुकूलित कक्ष, कंप्यूटर लैब रहेगा। साथ ही लाइब्रेरी में आने वाले सदस्यों के लिए पारंपरिक किताबों के अलावा डिजिटल ई-बुक्स और रिसर्च जर्नल्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डिस्कशन करने अलग से कमरे उपलब्ध होंगे। इंटरव्यू की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों के लिए लाइब्रेरी परिसर में छोटे कमरे का निर्माण होगा। आने-जाने वालों की सुरक्षा के लिहाज से कैंपस सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेगा।

## खबर संक्षेप



### 'जगते आनंदे यज्ञे' साहित्य कला और संस्कृति का उत्सव

**रायपुर।** शांतिनगर इंद्रावती कॉलोनी स्थित विमतारा हॉल में शनिवार को 'जगते आनंदे यज्ञे' (इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर लिटरेचर, आर्ट एंड कल्चरल एकेडमी) का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया।

साहित्यिक सत्र इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिनमें महाश्वेता देवी के जीवन और साहित्यिक विरासत पर विचार-विमर्श के साथ-साथ भारत की भाषाई विविधता, संवैधानिक मूल्यों, सद्भाव, भाईचारे और आपसी सम्मान पर चर्चा की गई। डॉ. समीर रक्षित के प्रेरणादायक नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित दिनभर के कार्यक्रम में जाने-माने साहित्यकार, कलाकार, विद्वान, कलाकार, पुरस्कार विजेता और संस्कृति प्रेमी एक साथ आए। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार नलिनी बेरा ने विशेष महत्व और साहित्यिक गरिमा प्रदान की। प्रभात मिश्रा, शशांक शर्मा और बेबी साहू के साथ-साथ अन्य विशिष्ट अतिथियों और पुरस्कार विजेताओं की उपस्थिति ने इस सभा को और समृद्ध किया और उत्सव की शोभा बढ़ाई।

### आप ने 21 राज्यों में नियुक्त किए सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने देशभर में अपने संगठन और डिजिटल उपस्थिति को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 21 राज्यों के लिए नए सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति की है। इसके तहत छत्तीसगढ़ से अन्यतम शुक्ला को राज्य का सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अन्यतम शुक्ला वर्तमान में छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम रहे हैं। अन्यतम शुक्ला अब छत्तीसगढ़ में प्रदेश स्तर का कार्यभार संभालने के साथ-साथ पार्टी की राष्ट्रीय सोशल मीडिया टीम के कार्यों में भी अपना सहयोग और योगदान देंगे।



## बैठक : 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

# भाजपा शहर मंडल की बैठक में सेवा संकल्प अभियान की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बलौदाबाजार का मासिक बैठक जिला कार्यालय में दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ जिसमे मुख्य वक्ता विजय केशरवानी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनितिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों कार्यक्रमों एवं कार्यकर्त्ताओ कि भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओ से अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रीय सहभागिता की अपील की। मंडल के प्रभारी शिव कटरिया ने अपने संबोधन में मंडल स्तर पर सभी कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रीय भूमिका निभाने को कहा और प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षो के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा को समर्पित करते हुए पुरे देश में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित करेगी तथा मंडल स्तर पर अभियान की शुरुआत 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने से होगी। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम जागरूकता गतिविधियां तथा केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओ की जानकारी आम लोगो पर तक पहुँचाने जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करने वालो में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नीलम सोनी, खोड़स राम कश्यप, नरेश केसरवानी ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। इस अवसर पर



मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, महामंत्री महेंद्र साहू, नेतराम साहू, संतोष पटेल, पार्षद रोहित साहू, पार्षद जितेन्द्र डडसेना, मंजू सोनी, सरिता मार्के, लता टंडन, मनीष कश्यप, नीरज सोनी, तरुण वर्मा, आलोक बघेल, भगवानी ध्रुव, धरम चतुर्वेदी, केशकुमार जायसवाल, जामवंत वर्मा, ओमप्रकाश सेन, अमित वर्मा, संतोष देवांगन, भूपेंद्र मनहरे, हरिशंकर सेन, ओमप्रकाश पटेल, शैलकुमार पटेल, शौरभ ध्रुव, रामचरण साहू, सुनील गर्ग, जीवराखन मानिकपुरी, आशाराम पैकरा, नारद प्रसाद पैकरा, राजाराम पटेल, नरोत्तम टंडन, उमाशंकर साहू, पुरुषोत्तम साह, संतोष देवांगन, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अंतिम रिकॉर्ड तैयार करने से पहले होगी जांच

# स्कूलों को देनी होगी बोर्ड विद्यार्थियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अगले साल होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं से पहले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड ने फ्लाइंग स्लिप्स को स्कैन करने और उनसे मिले डेटा को फाइनल करने के लिए एक एजेंसी को काम पर रखने के लिए बोलियां भी मंगवाई हैं। इसके साथ ही बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे 'लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स' (एलओसी) जमा करने से पहले जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएं।

सीबीएसई की हालिया सूचना के अनुसार, स्कूलों को उन छात्रों के बारे में पहले से जानकारी देनी होगी जो 2027 में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं। यह प्रक्रिया परीक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और औपचारिक एलओसी जमा करने से पहले छात्रों के रिकॉर्ड को सही करने के बोर्ड के प्रयासों का हिस्सा है। इसमें उन छात्रों की जानकारी होती है जो परीक्षा में शामिल होंगे। छात्रों की जानकारी, विषयों या परीक्षा से जुड़ी अन्य जानकारियों में गलती होने पर बाद में दिक्कतें आ सकती हैं। इस प्रक्रिया को पहले ही शुरू करके सीबीएसई स्कूलों को परीक्षा के अंतिम रिकॉर्ड तैयार होने से पहले जानकारी की जांच करने और उसे सही करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहता है।

- कई स्तरों पर जांची जाएगी विद्यार्थियों की जानकारी
- रिकॉर्ड के आधार पर की जाएगी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी




***छात्रों संग तालमेल :*** *बोर्ड ने जरूरी जानकारी जमा करते समय तय निर्देशों का पालन करने पर भी जोर दिया है। प्रक्रिया पूरी करने से पहले स्कूलों को छात्रों के साथ तालमेल बिठाना होगा और संबंधित जानकारी की जांच करनी होगी। सीबीएसई जल्द ही 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2027 की डेटशीट (अस्थायी) जारी करेगा। साल 2026 की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट 24 सितंबर 2025 को जारी की गई थी। बोर्ड 10वीं और 12वीं की डेटशीट एक ही दिन जारी करता है। इस वर्ष भी इसी प्रक्रिया के पालन करने की तैयारी है।*

***पिछड़ चुका है सीबीएसई :*** *स्कूलों से छात्रों की सूची मंगाने संबंधित प्रक्रिया सामान्यतः अगस्त माह में ही पूर्ण कर ली जाती है। इस बार इसमें विलंब हो चुका है। उत्तरपुस्तिकाओं की ऑनलाइन जांच कराए जाने तथा उसके पश्चात उत्पन्न विवाद के कारण प्रशासनिक कार्यों में सीबीएसई द्वारा विलंब हुआ। अब सीबीएसई स्कूलों से पहले ही छात्रों की सूची जांचने तथा अपने स्तर पर तैयारी पूर्ण रखने के निर्देश दे रहा है ताकि अधिक समस्या का सामना करना ना पड़े।*

# हाथ-पैर तोड़ने की धमकी देकर नाबालिग से वसूले पौने दो लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोचिंग में पढ़ने जाने वाले एक 11 साल के नाबालिग को उसके साथी तथा उसकी मां द्वारा इत्र खरीदने के नाम पर डरा-धमकाकर 1.77 लाख रुपए अवैध वसूली की गई। बच्चे के पिता की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्चे के साथ 27 जुलाई से 8 सितंबर के बीच किस्तों में रकम वसूली गई है।

- पिता की शिकायत पर खमतराई पुलिस कर रही जांच

शिवानंद नगर निवासी अवधेश मिश्रा ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उनका बेटा श्रीनगर में एक कोचिंग सेंटर में कोचिंग करने जाता है, जहां उसकी पहचान अपने से तीन वर्ष ज्यादा उम्र के किशोर से हो गई। मेलजोल बढ़ने पर वह किशोर के साथ उसके घर आने-जाने लगा। इस दौरान किशोर की मां ने अवधेश के बेटे पर इत्र खरीदने लिए अपने घर से पैसे लाने का दबाव बनाया। पैसे नहीं लाने पर महिला तथा किशोर की मां ने बच्चे को मारपीट करने की धमकी देने के साथ ही उसके हाथ-पैर तोड़ने की बात कहते हुए धमकाया।

### ऐसे हुआ खुलासा

*बच्चे का नाबालिग के साथ ज्यादा मेलजोल देख तथा उसके साथ सहमा देख कोचिंग संचालक ने बच्चे के पिता को इस बात की जानकारी दी। इसके बाद अवधेश ने अपने बच्चे से इस संबंध में पूछताछ की। तब बच्चे ने पूरी घटना अपने पिता को बताई। बच्चे के पिता ने किशोर से पूछताछ की तो उसने बताया कि बच्चे ने इत्र लिया है, जिसका बकाया 70 हजार रुपए उनसे लेना है। घटना की जानकारी मिलने पर बच्चे का पिता अवधेश, किशोर तथा उसकी मां के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।*

## कलार महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**रायपुर।** कलार भवन डगनिया में शनिवार को कलार महासंघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 27 दिसंबर को कांकेर, बस्तर में होने वाले प्रदेश स्तरीय कलार महोत्सव की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पूरे प्रदेश से कलार समाज के विभिन्न वर्गों एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखे। बैठक में बस्तर संभाग अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंद्र, बिलासपुर संभाग अध्यक्ष विजय जायसवाल, सरगुजा संभाग अध्यक्ष रमेश जायसवाल, राजनीतिक प्रकोष्ठ संयोजक बसंत सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. किशोर सिन्हा, देवेंद्र जायसवाल, भोजराम डडसेना, अमरकांत सिन्हा, विकास सिन्हा, नंदू सिन्हा, डॉ. पुरुषोत्तम जायसवाल, ओमप्रकाश डिक्सेना, कमल किशोर कश्यप सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति सड़क खोदने पर नेता प्रतिपक्ष बिफरे, कहा- क्या राजधानी बन गई प्रयोगशाला?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के फाफाडीह मुख्य मार्ग और आसपास के मार्गो पर गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए नगर निगम की अनुमति बिना सड़क खुदाई को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राजधानी रायपुर प्रयोगशाला बन गई है, कि कोई भी बाहर से आए और प्रयोग करके चला जाए? उन्होंने निगम के अधिकारियों से चर्चा कर संबंधित कंपनी पर तगड़ा जुर्माना लगाने की बात कही है।

दरअसल, फाफाडीह मुख्य मार्ग पर और आसपास के मार्गों पर एचसीजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है। मनमाने तरीके से की जा रही खुदाई को लेकर स्थानीय रहवासियों की शिकायत मिलने पर रविवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया, मौके पर पाया कि कंपनी के पास नगर निगम की कोई वैध अनुमति नहीं है। 2 महीने से कार्य चल रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और निगम को इसकी भनक तक नहीं है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने तत्काल नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा को फोन के माध्यम से वस्तुस्थिति से अवगत कराया और कार्य को तत्काल रुकवाने के साथ सड़क पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे बंद कराने के निर्देश दिए।



- निगम आयुक्त को फोन से अवगत कराई यथास्थिति, मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया

### बनी सड़कों को खोदकर बर्बाद कर रहे है

श्री तिवारी ने कहा कि यह आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ है। एक तरफ यह कहा जाता है कि विकास कार्य के लिए पैसे नहीं हैं, दूसरी तरफ बनी-बनाई सड़कों को खोदकर बर्बाद किया जा रहा है, पीने के पानी की पाइपलाइन तोड़ी जा रही है। श्री तिवारी ने चेतावनी दी है कि कंपनी को या तो काम बंद करना पड़ेगा या जिला प्रशासन और निगम के नियमों का पालन करना पड़ेगा। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष के साथ पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व एल्डरमैन सुनील भुवाल, कांग्रेस कमेटी के सुदीप होर सहित स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

# उम्रदराज हो रहा मानसून, मौसम तंत्रिका की दिशा बदलेगी, असर बस्तर की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सितंबर का दूसरा पखवाड़ा प्रारंभ होने के साथ प्रदेश में सक्रिय दक्षिण-पश्चिम मानसून धीमे-धीमे कमजोर होने लगा है। बंगाल की खाड़ी में बनने वाली मौसम तंत्रिका के गुजरने वाली दिशा में थोड़ा बदलाव होगा और बादलों की गतिविधि बस्तर में ज्यादा नजर आएगी। वर्तमान में प्रदेश में बारिश कराने वाला सिस्टम धीमे-धीमे आगे बढ़ रहा है और फिलहाल बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम दिखाई नहीं पड़ रहा है। मानसून के सक्रिय होने के दौरान बंगाल की खाड़ी में सक्रिय होने वाला सिस्टम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ता है और अपना रूप बदलने की वजह से राज्य में बरसात का कारण बनता है। मौसम बीतने के साथ ही इसकी दिशा में बदलाव होकर पश्चिम होने की वजह छत्तीसगढ़ पर इसका असर कम होने लगता है। सितंबर का आधा समय गुजरने के बाद राज्य में मानसून की सक्रियता धीरे-धीरे कम होगी और वर्षा का दायरा भी सिमटने लगेगा।



- उत्तर और मध्य में कम होगी वर्षा की गतिविधि, अभी का सिस्टम आगे बढ़ा

### तापमान में गिरावट

*राज्य में मानसून का प्रवेश बस्तर के रास्ते होता है और धीरे-धीरे इसका प्रभाव मध्य के बाद उत्तर तक होता है। वापसी में मानसून सबसे पहले उत्तर को छोड़ता है फिर मध्य होते हुए उसकी विदाई बस्तर से होती है। वर्तमान में सक्रिय हुआ सिस्टम आगे बढ़कर धीमे-धीमे कमजोर हो रहा है। इधर रविवार को दिनभर बादल छाए रहने की वजह से राजधानी का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। शहर में दोपहर हल्की बारिश भी हुई और बीच-बीच में माहौल भी बनता रहा। वर्षा की गतिविधि और मौसम में होने वाले बदलाव की वजह से रात को थोड़ी ठंडकता महसूस होने लगी है।*

# ब्लास्ट एक्सपर्ट बुलाया, रिस्क देख जेसीबी से जर्जर भवन ढहाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शुक्रवार देर रात सदर बाजार में गिरे जर्जर भवन को ढहाने रविवार शाम नगर निगम अमले ने जेसीबी मशीन से कार्रवाई शुरू की। जर्जर भवन को जमींदोज करने निगम के पास विशेषज्ञ की कमी है। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक पेशोपश में फंसे निगम के अधिकारियों ने आखिरकर 150 वर्ष पुराने भवन को तोड़ने मशीन लगाई। शुक्रवार की देर रात गिरे जर्जर भवन को नगर निगम शनिवार को तोड़ नहीं सका। रात में 1 बजे जर्जर भवन का एक हिस्सा टूटकर गिरा, तब निगम की टीम स्पॉट पर थी। चैन माउंटेन मशीन छोटी पड़ रही थी, ऊपरी हिस्से में चढ़ने की गुंजाइश नहीं रही। इसे देखते हुए रविवार की दोपहर जर्जर भवन को ब्लास्ट करने निगम के अधिकारियों ने उसे स्पॉट पर बुलवाया, पर एक्सपर्ट ने बिना कालम व बिना बीम के बने जर्जर भवन को ब्लास्ट करने से हाथ खड़े कर दिए। ऐसे में रविवार की शाम 5 बजे आखिरकार जेसीबी मशीन बुलाकर जर्जर भवन ढहाने की कार्रवाई शुरू की गई। चूंकि क्रेन से मशीन को तोड़ने में बिल्डिंग हिल रही थी, इसलिए सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। दरअसल शहर में 100 से ज्यादा जर्जर भवन को हटाना निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।



इसके लिए नगर निवेश विभाग द्वारा हर साल की तरह इस बार भी गणेश उत्सव में झांकियां दर्शन और विसर्जन झांकी में लोगों की भीड़ को देखते हुए नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी के माध्यम से जर्जर भवन मालिकों को नोटिस देने के साथ ही संबंधित स्थल पर चेतावनी स्वरूप नोटिस चस्पा किया गया है। इस बीच सदर बाजार इलाके सहेली ज्वेलर्स के सामने 150 साल पुराना जर्जर भवन का एक हिस्सा शुक्रवार की रात भरभरा कर गिर पड़ा। हालाकि उस समय सड़क पर आवाजाही कम थी इसलिए घटना में कोई जान माल की हानिन नही हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस और नगर निगम की टीम मौके परन पहुंची और भवन के सामने का रास्ता दिन भर बंद रखा। इस दौरान भवन से लगे पीपल के पेड़ की कांट-छाट की गई। जोन 4 कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी ने कहा, हमने जर्जर भवन को हटाने नोटिस दिया था। भवन के खतरनाक हिस्से को हटाने क्रेन भी बुलवाई, पर संबंधित भवन कालम व बीम के बिना बना हुआ था, इसलिए क्रेन से हटाने पर बिल्डिंग ही हिलने लगी। इसके बाद विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रविवार को जर्जर भवन ढहाने के लिए ब्लास्ट एक्सपर्ट को मौके पर बुलवाकर उनकी सलाह ली। भवन की जर्जर स्थिति और बिना बीम व कालम निर्माण को देखते हुए वे सहमत नहीं हुए। आखिरकार शाम को जर्जर भवन के सामने का हिस्सा क्लीयर करने मशीन बुलवाकर खतरनाक हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की है।

## खबर संक्षेप

### महिला स्टाफ को तीजा पर्व का उपहार भेंट

**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं किसान संघ के अध्यक्ष कुबेर प्रकाश गिरी द्वारा भगवान बलराम एवं भारत माता की छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के महिला स्टाफ को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीजा पर्व की सम्मान स्वरूप उपहार प्रदाय किया गया।

### जिले में जिला स्तरीय रोजगार मेला 24 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा जिले के शिक्षित एवं योग्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 सितंबर 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।

### हरतालिका तीज पर सहेली मिलन हुआ

**महासमुंद।** खरोरा में हरतालिका तीज पर सहेली मिलन हुआ। इस दिन सुहागिन महिलाएं ने तीज का निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना की और भगवान शिव और पार्वती की पूजा अर्चना की। सखी-सहेलियों ने भजन-कीर्तन भी किया।

### शराब बेच रहे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बनसिवनी में रोहित बंजारे नाम का व्यक्ति बनसिवनी रोड किनारे झोपड़ी में अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रोहित बंजारे पिता सेवाराम बंजारे बनसिवनी के कब्जे से कुल 06 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की।

## पेज 9 के शेष

### दो प्रमुख कपड़ा ...

कचरा फेंककर गंदगी फैलाई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वच्छता नियमों के निरंतर उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए, जनहित एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इन दोनों प्रतिष्ठानों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन सभी व्यापारी भाइयों एवं नागरिकों से पुनः अपील करता है कि दुकान व घर का कचरा केवल कचरा गाड़ियों या निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति या व्यापारी शहर में गंदगी फैलाते हुए पाया गया, तो उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

### शहरी क्षेत्र में...

और आवश्यक सामग्री की जांच करने, भीड़ या उग्र स्थिति की जानकारी तत्काल थाना प्रभारी एवं डीसीसी कार्यालय को देने तथा कॉलर व आम नागरिकों से शालीन एवं नम्र व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। ईआरवी वाहनों की साफ-सफाई और साप्ताहिक गोसवारा समय पर प्रस्तुत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में सहायक उप निरीक्षक कमल किशोर देवांगन, प्रभारी डीसीसी डायल 112 तथा डायल 112 के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर वरुण कोशले सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

**Name Change Notice**
**AFFIDAVIT**

I, Prince Chawla son of Santosh Singh Chawla, aged About 19 years (DOB 27/12/2006 ) resident of H NO 263, Ambedkar Chowk, Near Bajrang Hotel, Baloda bazar ,PO: Baloda Bazar, District Baloda bazar, Chhattisgarh -493332 do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. In all my educational certificates and other government records, my name has been written as Priyvrat Singh Chawla, son of Santosh Singh Chawla, I am changing that name to Prince Chawla, son of Santosh Singh Chawla. Henceforth, I shall be known and identified by the name Prince Chawla, son of Santosh Singh Chawla. In all my educational certificates and other government records, wherever the name Priyvrat Singh Chawla appears, it shall be read and treated as Prince Chawla. Therefore, this affidavit is submitted for the purpose of recognizing and identifying me by the name Prince Chawla in place of Priyvrat Singh Chawla, and for making the necessary corrections in all records and documents.

**Deponent**

**VERIFICATION**

I, Prince Chawla son of Santosh Singh Chawla Aged About 19 years (DOB 27/12/2006) resident of of H NO 263, AmbedkarChowk, Near Bajrang Hotel, Balodabazar ,PO: Baloda Bazar, District Balodabazar, Chhattisgarh-493332 do hereby verify that the contents of Paragraph 1 of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief, and nothing material has been concealed therein.

Verified at Baloda bazar on this **14 th day of September , 2026**

**Verifier (Prince Chawla)**

**पर्व :** फुलेरा विसर्जन के साथ 36 घंटे के व्रत का होगा समापन

# सुहागिनों ने रखा हरतालिका तीज का कठिन निर्जला व्रत, रातभर गूंजे शिव-पार्वती के भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

पति की दीर्घायु, अखंड सुहाग और परिवार में सुख-शांति की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने हरतालिका तीज का कठिन निर्जला व्रत रखा। वहीं कुंवारी युवतियों ने अच्छे वर की कामना से उपवास रखा। छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्व तीजा को लेकर नगर और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। तीजहारिनों ने रविवार शाम कड़ू भात खाने के बाद व्रत की शुरुआत की। इसके बाद करीब 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखा गया। सोमवार को पूरे दिन महिलाओं ने अन्न-जल का त्याग कर व्रत रखा। शाम और रात को घरों में आकर्षक फुलेरा सजाए गए। फुलेरा के नीचे भगवान शिव और माता पार्वती की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने हरतालिका तीज की कथा सुनी और रातभर भजन-कीर्तन एवं जागरण कर भगवान शिव-पार्वती की आराधना की। व्रत के समापन पर मंगलवार सुबह व्रतधारी महिलाएं पूजा-अर्चना के बाद फुलेरा एवं पूजन सामग्री का विसर्जन करेंगी और इसके बाद पारण किया जाएगा। पारण के बाद तीज मिलन का सिलसिला शुरू होगा। बहन-बेटियां अपने मायके, रिश्तेदारों और पड़ोसियों के घर तीजा मिलने जाएंगी। इस दौरान उनका स्वागत पारंपरिक पकवानों से किया जाएगा। खुरमी, ठेठरी, अरिसा, गुजिया, नमकीन, सूजी, कतरा सहित विभिन्न व्यंजन तीज मिलन की मिठास बढ़ाएंगे। महिलाएं एक-दूसरे को साड़ी, सुहाग सामग्री एवं अन्य उपहार भेंट कर तीज की शुभकामनाएं देंगी।



### हरतालिका तीज की व्रत कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक कठोर तपस्या की थी। इसी तपस्या और उनके अटूट संकल्प से जुड़ी कथा को हरतालिका तीज की व्रत कथा कहा जाता है। कथा के अनुसार, माता पार्वती अपने पूर्व जन्म में सती थीं। भगवान शिव के प्रति उनका गहरा प्रेम था। पिता दक्ष के यज्ञ में हुए अपमान के बाद सती ने अपना शरीर त्याग दिया। इसके बाद उन्होंने हिमालयराज के घर पुत्री के रूप में जन्म लिया और उनका नाम पार्वती रखा गया। बाल्यकाल से ही माता पार्वती के मन में भगवान शिव को पति रूप में पाने की इच्छा थी। उन्होंने महादेव को अपने पति के रूप में स्वीकार कर लिया था और इसी संकल्प के साथ तपस्या शुरू की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, हरतालिका तीज की पूजा के दौरान व्रत कथा सुनना या पढ़ना भी बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भी भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन माता पार्वती की पूजा करने और उनकी तपस्या से जुड़ी व्रत कथा सुनने से व्रत का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है।

### बाजारों में रही रौनक

तीजा पर्व और गणेश चतुर्थी एक साथ होने के कारण बाजारों में भी काफी रौनक रही। कपड़ा, चूड़ी, जनरल स्टोर, सोना-चांदी तथा जूते-चप्पल की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। हाथों में मेहंदी, मांग में सिंदूर और हरी चूड़ियां पहने महिलाएं खरीदारी करती नजर आईं। निर्जला व्रत के बावजूद उनके चेहरों पर पर्व का उत्साह और आस्था की चमक साफ दिखाई दे रही थी।इस बार तीजा और गणेश चतुर्थी का पर्व एक ही दिन पड़ने से धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह दोगुना हो गया है। पर्व को लेकर बाजारों में देर तक चहल-पहल बनी रही ।

## नारी सम्मान एवं पारिवारिक एकता का प्रतीक

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्व एवं महिलाओं की आस्था से जुड़े पावन तिहार तीजा के अवसर पर श्री वक्रतुंड महाकाय मित्र शक्ति मंडल, खरोरा द्वारा नगर पंचायत खरोरा में भव्य तीजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की बड़ी संख्या में माताओं, बहनों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा साथ में अजय देवांगन जिला सदस्यता प्रभारी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तीजा तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, नारी सम्मान और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ता है। तीजा के अवसर पर माताएं और बहनें परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करती हैं। छत्तीसगढ़ में इस पर्व का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह बेटियों और उनके मायके के बीच प्रेम, स्नेह और आत्मीयता के रिश्ते को और मजबूत करता है। उन्होंने आगे कहा कि आज आधुनिकता के दौर में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को सहेजकर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। श्री वक्रतुंड महाकाय मित्र शक्ति मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का भी एक सराहनीय प्रयास है। मैं सभी माताओं-बहनों, प्रतिभागियों, आयोजकों एवं पुलिस थाना खरोरा का इस सफल आयोजन के लिए हृदय से अभिनंदन करता हूं तथा सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।





### पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं की रही धूम

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं युवतियों के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोरा दौड़, मड़का फोड़, नारियल फेंक, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएं शामिल थीं। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली दीदी-बहनों को विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस थाना खरोरा की ओर से भी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को विशेष पुरस्कार एवं प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन आयोजन समिति के अध्यक्ष सन्नी सिंह, उपाध्यक्ष निलेश देवांगन, संयोजक सजल वर्मा, भावेश वर्मा तथा समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तीजा तिहार की सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना, महिलाओं को सम्मानित करना तथा समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा।

# तिहार पर तीजहारिनों ने पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया



**पलारी।** वर्षों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए महिलाओं ने तीज तिहार में पौधारोपण की कर हरतालिका पर्व मनाई सांथ ही हरियाली का संदेश दिया। गौरतलब हो कि तीज तिहार में आए मायके बचपन की सखी सहेलिया इक्कठा होते ही टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो के क्षेत्रीय परिवार के सहयोग से पौधारोपण करते प्रकृति की सुध तो लेते है साथ ही अपने पति की लंबी उम्र परिवार की सुख समृद्धि और शांति के लिए उपवास रखकर दिनचर्या को पेड़ पौधों को समर्पित करती है। बढ़ते तापमान अतिवृद्धि वर्षा कटते पेड़ पौधे उजड़ते जंगल दिनों दिन वायुमंडल में घुलते जहरीली गैस कार्बनडाइ ऑक्साइड से प्रदूषित वायु आने वाले भविष्य को घुटनशील जीवन संकट भरे परिणाम को पौधारोपण से नियंत्रण करने माताओं बहनों ने संकल्पित होकर ससुराल ही नहीं अपितु मायके में पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है, पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ के कोने कोने में निवासरत है जिनसे प्रेरणा लेकर हर कार्यक्रम सुख-दुख त्यौहार राष्ट्रीय पर्व धार्मिक पर्व पर पौधा लगाकर मनाना एक परम्परा बना लिया है।

उक्त अवसर पर गोदावरी साहू, केशरी वर्मा सावित्री वर्मा, मोंगरा वर्मा, राधा बाई, पूर्णिमा साहू, दीपमाला, सोना साहू,दया साहू, पिहू, अनन्या, हेतिका, वानी, रुद्र, राघव उपस्थित रहे साथ ही टीम के सदस्य मनमोहन दास वैष्णव, पवन कुमार जायसवाल, कपिल कश्यप, लक्ष्मण कुमार वर्मा, गोविंद वर्मा, इंद्रकुमार वर्मा ने पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना की।

# फुगड़ी में सीमा पाल प्रथम, मटका फोड़ में बसंती यादव ने मारी बाजी

**भरूवाडीह।** हरितालिका तीज पर्व के अवसर पर मायके आईं तीजहारिन महिलाओं एवं बच्चों के लिए ग्राम पंचायत गुमा में छठवें वर्ष तीजहारिन खेल उत्सव का आयोजन 13 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ किया गया। पारंपरिक एवं मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश वर्मा रहे। अध्यक्षता सरपंच चंद्रकांता होमेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता रेवाराम साहू, जनपद सदस्य नम्रता राजेश ध्रुव, पूर्व सरपंच सिरोजनी मनी मंडले, उपसरपंच तुकेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। संयोजक भोजराम वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। महिलाओं की फुगड़ी प्रतियोगिता में सीमा पाल ने प्रथम, रामप्यारी ध्रुव ने द्वितीय और दामिनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आंखों पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ प्रतियोगिता में बसंती यादव प्रथम रहीं। कप से पानी भरने में यशोदा ध्रुव प्रथम, राखी वैष्णव द्वितीय और फाल्गुनी साहू तृतीय रहीं। गोला फेंक में तोफा साहू, यशोदा ध्रुव और सुमन ध्रुव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। पासा गेम में टिकेश्वरी वैष्णव प्रथम, गेमिन साहू द्वितीय तथा खोमिन साहू तृतीय रहीं। पानी में गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में राखी वैष्णव प्रथम रहीं।





बच्चों की बोरा दौड़ में परिधि यादव प्रथम, प्रांजल वर्मा द्वितीय एवं चंचल ध्रुव तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ में भानुप्रताप प्रथम, राजवीर साहू द्वितीय और वेदांश वर्मा तृतीय रहे। कुर्सी दौड़ में तनु यदु प्रथम तथा तनु साहू द्वितीय रहीं। नंबर खोज प्रतियोगिता में अंजली ध्रुव प्रथम रहीं। मुख्य अतिथि महेश वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन मनोरंजन के साथ लोक संस्कृति, पारंपरिक खेलों और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। सभी विजेताओं को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में समिति अध्यक्ष परसराम साहू, उपाध्यक्ष होमेश साहू, सचिव भूपेंद्र वैष्णव, कोषाध्यक्ष तामेश्वर साहू सहित सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# जारा स्कूल में मनाया गया पूर्व छात्र सम्मेलन, गुरुजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जारा में पूर्व छात्रों द्वारा मिलन समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2005-06 के पूर्व छात्र एवं उस समय विद्यालय में पदस्थ रहे शिक्षक शामिल हुए। लंबे समय बाद पुराने साथियों और गुरुजनों से मिलकर पूर्व छात्रों ने पुरानी यादें ताजा कीं।कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने शिक्षकों का फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान शिक्षकों को स्मृति चिह्न भी भेंट किए गए। पूर्व छात्र आशीष वर्मा एवं अन्य छात्रों ने कहा कि आज हम जीवन में जिस भी मुकाम पर हैं, चाहे नौकरी, व्यवसाय, कृषि या मजदूरी के क्षेत्र में कार्य कर रहे हों, उसमें हमारे शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके मार्गदर्शन और शिक्षा से ही हम अपने जीवन में आगे बढ़ सके हैं। सम्मेलन के दौरान पूर्व छात्रों ने विद्यालय में बिताए छात्र जीवन की यादों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। इसके बाद सभी ने साथ बैठकर भोजन किया तथा खेल-कूद, हंसी-मजाक और आपसी बातचीत के माध्यम से पुराने दिनों को याद किया। वर्षों बाद एक साथ जुटे पूर्व छात्रों में उत्साह और अपनापन देखने को मिला।पूर्व छात्रों ने कहा कि ऐसे सम्मेलन से पुराने साथियों और शिक्षकों से जुड़ने का अवसर मिलता है तथा नई पीढ़ी को भी गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना की प्रेरणा मिलती है। सम्मेलन में पूर्व छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप

### बेवकूफ कहना पड़ा महंगा, हो गई पिटाई

**महासमुंद।** बातचीत के दौरान शुरू हुए विवाद के चलते एक व्यक्ति की तीन लोगों ने पिटाई कर दी है। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को घुंचापाली के भागीरथी बंजारे ने बताया कि 13 सितंब की रात लगभग 08.30 बजे युगल किराना स्टोर्स के सामने वह, रूपेश टंडन, मोगेश टंडन एवं हीरालाल टंडन के साथ बातचीत कर रहा है। बातचीत के दौरान पताचला कि रूपेश टंडन ने अपनी पत्नी की डिलीवरी निजी अस्पताल महासमुंद में कराया था, जिस पर प्रार्थी ने रूपेश से कहा कि तुम बेवकूफ हो, तुम्हें कुछ नहीं आता। अगर तुम अपनी पत्नी की डिलीवरी नुआपड़ा अस्पताल में कराते तो कम पैसा में हो जाता। यह सुनकर रूपेश टंडन गुस्से में आ गया और मोगेश टंडन एवं हीरालाल टंडन के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कल लगेगा आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला

**महासमुंद।** स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें उद्योगों से जोड़ने के उद्देश्य से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 16 सितंबर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। यह अप्रेंटिसशिप मेला भारत सरकार के अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के विभिन्न उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप/प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है।

### अमन को मिली आप पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत के अनुमति और प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर की अनुशंसा एवं प्रदेश संगठन की सहमति से अमन यादव को जिला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष, ईश्वर भारद्वाज को जिला उपाध्यक्ष एवं मुरारी प्रधान को यूथ विंग का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर शकील खान, राकेश झाबक, खिरोद पटेल, चमन यादव, महेश यादव, संतोष चंद्राकर, भुनेश्वर साहू, मधु यादव, मीनाक्षी ठाकुर, एमडी सागर, संजय यादव, महेश कर्ष सहित तमाम आप कार्यकर्ताओं, समर्थकों और पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

## निधन

### गंगा बाई खटकर



**मुड़पार सरसीवां।** ग्राम पंचायत मुड़पार (स) की पूर्व सरपंच गंगा बाई खटकर (63) का 9 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के पूर्व जनपद अध्यक्ष रामेश्वर खटकर की धर्मपत्नी तथा राजकपूर खटकर, महेंद्र खटकर और अनिल खटकर की माता थीं।

## गणेशोत्सव : पंडाल में प्रतिमा की स्थापना के बाद बप्पा को लड्डू का भोग लगाया

# गणपति स्थापना का देर रात तक चलता रहा सिलसिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

गणेश चतुर्थी पर सोमवार को शहर सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में भगवान गणेश की भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही घरों और गणेश पंडालों में विधि-विधान के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना का सिलसिला शुरू हो गया, इसी बीच मौसम ने भी ऐसा रंग बदला, मानो स्वयं इंद्रदेव गजानन के अभिषेक के लिए उतर आए हों। करीब 30 मिनट तक हुई बारिश में भगवान गणेश की प्रतिमाओं पर बूंदें बरसती रहीं। कहीं यह बूंदें गजानन का अभिषेक करती नजर आईं तो कहीं ऐसा लगा, जैसे इंद्रदेव स्वयं उनके चरणों में नमन करने पहुंचे हों। बारिश के दौरान शहर के कुछ गणेश पंडालों में पानी भी भर गया। पानी में गणेश प्रतिमाओं का प्रतिबिंब बेहद मनोहारी नजर आया। ऐसा दृश्य बना, मानो इंद्रदेव ने गजानन को अपने दिल में उतार लिया हो। बारिश ने गणेशोत्सव के उल्लास में प्रकृति का भी एक अलग ही रंग जोड़ दिया। शहर में कई स्थानों पर सड़क किनारे गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए दुकानें और स्टॉल लगाए गए थे। बारिश के दौरान यहां रखी प्रतिमाओं पर भी बूंदें बरसती रहीं। हालांकि श्रद्धालुओं और प्रतिमा विक्रेताओं ने बारिश के बीच भी उत्साह बनाए रखा। इस बार गणेश चतुर्थी का शुभारंभ हरतालिका तीज पर्व के साथ हुआ। लंबे अंतराल के बाद दोनों पर्व एक साथ पड़ने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। गणेशोत्सव को लेकर सुबह से ही बच्चे हाथों में गणेश प्रतिमाएं लेकर जयकारे लगाते हुए पंडालों की ओर जाते दिखाई दिए। बड़े पंडालों में समितियों द्वारा एक दिन पहले ही प्रतिमाओं का नगर प्रवेश और स्थापना की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। शहर के स्टेशन चौक, बनियापारा, स्टेशन रोड स्थित रमेश दुबे परिसर, सिंधी कैंप सहित करीब आधा दर्जन स्थानों पर बड़ी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सिंधी कैंप और बनियापारा की गणेश समितियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का नगर प्रवेश कराया। गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को पंडालों तक लाया गया। सिंधी कैंप स्थित रराजनिग सन गणेश समिति ने प्रतिमा की पंडाल में स्थापना के बाद बप्पा को लड्डू का भोग लगाया गया। इस मौके पर जोरदार आतिशबाजी कर गजानन का स्वागत किया। वही स्टेशन रोड में मोदक अर्पित किए गए। चंदन-केसर का तिलक लगाकर और आकर्षक पोशाक पहनाकर गजानन का श्रृंगार किया गया।

### ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर विराजे गणराज



**हिरमी रावन।** गणेश उत्सव को लेकर अंचल के हिरमी, मोहरा, बरडीहा, भालेसूर, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गांवों की गलियां गूंज उठीं।गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह नजर आया। कई स्थानों पर आकर्षक झांकियों के साथ ट्रैक्टर व अन्य वाहनों में गणेश प्रतिमाओं को लेकर श्रद्धालु निकले।

ढोल-नगाड़ों, बाजे-गाजे और डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए नजर आए। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के जयकारे लगाए।गांवों में गणेश पंडालों को रंग-बिरंगी सजावट और विद्युत झालरों से आकर्षक रूप दिया गया है। प्रतिमा स्थापना के बाद पंडालों में पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण का दौर शुरू हो गया। शाम के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण गणेश पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। गणेशोत्सव को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। युवा समितियों द्वारा आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गणेशोत्सव आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। अंचल में जगह-जगह गणपति बप्पा की भक्ति में श्रद्धालु डूबे हुए हैं।

## विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक की गणपति स्थापना



**हिरमी रावन।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर हिरमी अंचल सहित आसपास के गांवों में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना का शुभारंभ किया गया। गांवों में गणपति बप्पा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। हिरमी स्थित ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय में भी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की। विद्यार्थियों ने मिलकर पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया तथा गणपति बप्पा की आरती और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने गणेश जी को विघ्नहर्ता और बुद्धि-विवेक के देवता के रूप में नमन करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।विद्यालय परिसर में गणेश स्थापना के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन और श्रद्धा के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है और किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत गणेश पूजन से की जाती है। वहीं हिरमी अंचल के विभिन्न गांवों में भी घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर गणपति की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा पंडालों में आकर्षक सजावट की गई है। आने वाले दिनों में आरती, भजन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से अंचल का वातावरण और भी भक्तिमय होने की उम्मीद है। गणेश चतुर्थी के पर्व ने पूरे हिरमी अंचल को भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग में रंग दिया है।

### छड़िया में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विराजे विघ्नहर्ता गणेश



**खरोरा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत छड़िया में श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घर-घर विराजमान की गईं। पूरे गांव में "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष, मंगल गीतों और आरती की मधुर ध्वनि से भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। प्रातः काल शुभ मुहूर्त में परिवारजनों ने भगवान गणेश का आवाहन कर दुर्वा, पुष्प, मोदक एवं नैवेद्य अर्पित किया तथा सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की मंगलकामना की। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विशेष उत्साह के साथ गणेश स्थापना, पूजा-अर्चना एवं आरती में भाग लेते हुए अपने घरों में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश का स्वागत किया। गणेश जी की पूजा अर्चना 11 दिनों तक श्रद्धा और भक्ति के साथ की जाएगी। इस अवधि में प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल आरती, भजन-कीर्तन, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ग्रामवासियों ने विघ्नहर्ता श्रीगणेश से समस्त ग्राम की खुशहाली, उन्नति, शांति एवं आपसी भाईचारे की कामना करते हुए श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया।

### प्रांजल स्कूल में 15 वर्षों से विराज रहे हैं बप्पा



**बिलाईगढ़।** जिला मुख्यालय सारंगढ़ के प्रांजल विशेष स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय में पिछले 15 वर्षों से लगातार भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा निभाई जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय के दिव्यांगजन बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ बप्पा की पूजा-अर्चना की। बच्चों द्वारा गीत, भजन और आरती* गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया गया। ढोलक-मंजीरे की थाप पर बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। कोई मोदक सजा रहा था तो कोई फूल-माला से बप्पा का श्रृंगार कर रहा था। कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता हीरादेवी निराला ने विधि-विधान से गणेश जी की पूजा कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने बच्चों के साथ आरती की और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। श्रीमती निराला ने कहा कि इन विशेष बच्चों की सच्ची भक्ति और मुस्कान में ही बप्पा का वास है। पिछले 15 साल से हम इस परंपरा को निभा रहे हैं ताकि बच्चों में संस्कार और आत्मविश्वास बना रहे।" पूजा के पश्चात बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। पूरे विद्यालय परिसर में "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारे गूंजते रहे।

### गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश का स्वागत

**संडी बंगला।** संडी बंगला में गणेश चतुर्थी के अवसर पर क्षेत्र में भगवान गणेश की प्रतिमा का श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा व श्रद्धालु नाचते-गाते हुए गणपति बप्पा की प्रतिमा को लेकर पहुंचे। इस दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने भगवान गणेश के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का स्वागत किया और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। युवाओं में गणेशोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिमा के साथ चल रहे युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर उत्साह जताया। आसपास के लोगों ने भी गणपति बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



### अंचल में विराजमान हुए विघ्नहर्ता



**पलारी।** सोमवार से समूचे अंचल में गणपति पंडालों में विराजमान हुए, पंडित द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई,पलारी सहित विभिन्न स्थानों के समिति के सदस्यों द्वारा भगवान गणेश की जयकारे करते हुए हर्ष और उल्लास के साथ बाजे गाजे के साथ नृत्य करते हुए व आतिशबाजी कर पंडालो में विभिन्न वाहनों में लाया गया तत्पश्चात देर शाम तक पूजा अर्चना कर स्थापना की गई इसके साथ ही चारों ओर गणपति भगवान की स्तुति और उनके भजनों से अंचल गूंज उठा है। आने वाले 11 दिनों तक भगवान गणेश की स्तुतिगान से वातावरण भक्तिमय रहेगा सांथ जगह-जगह जगराता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे नगर पंचायत पलारी, नगर पंचायत रोहांसी सहित अमेरा, धमनी, सीतापार, लरिया, कोसमंदा, छड़िया, छेरकाडीह, सोनार देवरी, बासबिनोरी, दत्तान, घिरघोल, बिनोरी, भवानीपुर सहित सभी जगह विघ्नहर्ता विराजमान हुए।

### बगबुड़ा के वार्ड 15 में विराजे गणपति



**बगबुड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 खम्हरिया में उत्सव समिति लवन द्वारा सोमवार को विधि-विधान एवं भक्तिमय माहौल के बीच भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। गणेश प्रतिमा स्थापना के दौरान समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा-अर्चना और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गणेश उत्सव को लेकर वार्डवासियों में भी उत्साह बना हुआ है। समिति द्वारा आगामी दिनों में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



### घर-घर विराजे गजानन

**बंगोली।** गणेश चतुर्थी पर्व के चलते ग्राम के चौक-चौराहें तथा घर- घर गजानंद महाराज विराजमान हुए हैं। इसी कड़ी में अंकुश यादव ने अपने निवास स्थान में गणेश जी की मूर्ति स्थापना किए हैं।

# ग्राम मोपकी में धूमधाम से मना तीज मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



ग्राम मोपकी में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक और लोक संस्कृति से सराबोर तीज मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने ग्रामवासियों के साथ मिलकर त्योहार की खुशियां बांटीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने तीजा-पोरा त्योहार के सांस्कृतिक महत्व और इससे जुड़ी अटूट आस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पोरा और तीजा का त्योहार छत्तीसगढ़ की माटी की महक, कृषि परंपरा और मातृशक्ति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व हमारे अन्नदाताओं और कृषि संस्कृति से जुड़ा है। यह त्योहार हमारी माताओं- बहनों के त्याग, तपस्या और अखंड सौभाग्य की कामना का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर विधायक इंद्र साव ने आदिवासी समाज की वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया।

- इन्द्र साव ने आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर हुआ माहौल

भूमिपूजन के बाद उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, बैठकों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। समाज के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है और वे क्षेत्र के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। समाज के नागरिकों ने सामुदायिक भवन की सौगात मिलने पर विधायक इंद्र साव का आभार व्यक्त किया। तीज मिलन समारोह के दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों तथा पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल उत्सव के रंग में सराबोर हो गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत मरकाम अध्यक्ष आदिवासी युवा प्रभाद ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमर सिंह मंडावी जिला पंचायत सदस्य, जितू ठाकुर विधायक प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि सरपंच अहिल्या कामता ध्रुव, उप सरपंच गीता श्यामरतन निषाद, जनपद सदस्य अगेश्वर ध्रुव, पुसउ मरकाम, मंडल अध्यक्ष कोमल साहू, देवसिंग ध्रुव, मोहन जगत, फिरंता ध्रुव, लीलाराम मरकाम संरक्षक, चैनू जगत सचिव सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




